

# Chapter 7
# नाभिकीय रसायन

*"रसायन की वह शाखा, जिसके अन्तर्गत् परमाण्विक नाभिकों के संघटन व नाभिकीय स्थानान्तरण का अध्ययन किया जाता हैं। नाभिकीय रसायन कहलाता है।"*

*नाभिकीय प्रक्रम के सामान्य उदाहरण हैं रेडियोधर्मिता, कृत्रिम रुपान्तरण, नाभिकीय संलयन एवं नाभिकीय विघटन। नाभिकीय प्रक्रम रसायन का महत्वपूर्ण रुप है क्योंकि इनमें से कुछ में शामिल ऊर्जायें सामान्य रासायनिक अभिक्रियाओं की अपेक्षा कई गुना अधिक होती हैं।*

## रेडियोएक्टिवता (Radioactivity)

*"वे तत्व जो प्रकृति में स्वतः विघटित होते रहते हैं, रेडियोएक्टिव तत्व कहलाते हैं इनसे निकलने वाली किरणें रेडियोएक्टिव किरणें कहलाती हैं तथा इनका यह गुण रेडियोएक्टिवता कहलाता है।"*

**हैनरी बेकुरल** (1891) ने **पोटेशियम यूरेनाइल सल्फेट** $K_2UO_2(SO_4)_2$ से स्वतः उत्सर्जित होने वाली अदृश्य किरणों का अध्ययन किया। जो अन्धेरे में फोटोग्राफिक प्लेट को प्रभावित करती हैं, तथा $ZnS$ जैसे पदार्थो पर स्फुरदीप्ती (Luminosity) उत्पन्न करती हैं।

**मेडम क्यूरी तथा उनके पति पी. क्यूरी ने** स्वतः उत्सर्जित होने वाली भेदन किरणों की घटना को **रेडियोएक्टिवता** का नाम दिया।

**मेडम क्यूरी** ने एक नये रेडियोएक्टिव तत्व **रेडियम** की खोज पिचब्लेन्ड ($U$ का खनिज है, अर्थात् $U_3O_8$) से की, जो कि यूरेनियम की तुलना में 3 मिलियन गुना है। आजकल लगभग 42 रेडियोएक्टिव तत्व ज्ञात हैं।

रेडियोधर्मिता को दो प्रकार से वर्गीकृत कर सकते हैं

(1) यदि पदार्थ अपने स्वयं के द्वारा विकरण उत्सर्जित करते हैं तो उन्हें *प्राकृतिक रेडियोधर्मिता* (Natural radioactivity)कहते हैं।

(2) यदि पदार्थ कुछ प्राकृतिक रेडियोंधर्मी पदार्थ के विकरणों से प्रभावित होकर विकरण उत्सर्जित करना प्रारम्भ करते हैं तो इस घटना को *प्रेरित अथवा कृत्रिम रेडियोधर्मिता* (Artifical radioactivity)कहते हैं।

रेडियोएक्टिवता को निम्न यंत्रों के द्वारा मापा जा सकता है। जैसे आयनन कक्ष, गिगर मूलर काऊंटर, समानुपातिक काऊंटर, फ्लो काऊंटर, एण्डविण्डों काऊंटर, सेन्शिलेशन काऊंटर, विल्सन क्लाउड कक्ष, इलेक्ट्रोस्कोप आदि।

### रेडियोएक्टिव उत्सर्जन की प्रकृति एवं लक्षण

अस्थायी नाभिक अथवा कुछ तत्वों के क्षय के कारण रेडियो धर्मिता की घटना होती है। रेडियोधर्मी पदार्थ से उत्सर्जित विकरणों की प्रकृति का अध्ययन रदरफोर्ड (1904) द्वारा विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्र की उपस्थिति में किया गया, ये तीन प्रकारों $\alpha$, $\beta$ एवं $\gamma$–किरणों में विघटित हो गये।




Fig. 7.1

### रेडियोएक्टिव किरणों के गुण

| $\alpha$-किरण | $\beta$-किरण | $\gamma$-किरण |
|---|---|---|
| **आवेश तथा द्रव्यमान :** इसका आवेश 2 इकाई धनात्मक तथा द्रव्यमान 4 इकाई होता है। | इसका आवेश 1 इकाई ऋणावेश तथा द्रव्यमान नहीं होता। | इनमें कोई आवेश नहीं होता और नगण्य भार होता है |
| **पहचान :** यह हीलियम नाभिक या $_2He^4$ या $He^{2+}$ रूप में निरूपित किया जाता है। | यह इलेक्ट्रॉन $-1e^0$ के रूप में निरूपित किया जाता है। | उच्च ऊर्जा विकरण |
| **चुम्बकीय क्षेत्र की क्रिया :** ये कैथोड की ओर विचलित होते हैं। | ये एनोड की ओर विचलित होते हैं। | ये विचलित नहीं होते। |
| **वेग :** प्रकाश का 1/10वाँ भाग | प्रकाश के वेग के समान | प्रकाश के वेग के समान |
| **आयनन क्षमता :** बहुत अधिक, $\beta$-किरणों से लगभग 100गुना। | कम $\gamma$-किरणों से 100 गुना। | बहुत कम |
| $ZnS$ प्लेट पर प्रभाव : ये प्रतिदीप्ती उत्पन्न करते हैं। | बहुत कम प्रभाव | बहुत कम प्रभाव |
| **भेदन क्षमता :** कम | $\alpha$- कणों से 100 गुना अधिक | $\beta$- कणों से 10 गुना अधिक |
| **परास :** बहुत कम | $\alpha$- कणों से अधिक | बहुत अधिक |
| **उत्पाद की प्रकृति :** एक $\alpha$-कण की क्षति द्वारा प्राप्त उत्पाद के परमाणु क्रमांक में 2 इकाई तथा द्रव्यमान संख्या में 4 इकाई की कमी होती है। | एक $\beta$-कण की क्षति द्वारा प्राप्त उत्पाद के परमाणु क्रमांक में एक इकाई की वृद्धि होती है। तथा द्रव्यमान संख्या में कोई परिवर्तन नहीं होता। | इसकी द्रव्यमान संख्या तथा परमाणु क्रमांक में कोई परिवर्तन नहीं होता। |

## रेडियोएक्टिव विघटन का सिद्धान्त
**(Theory of radioactive disintegration)**

**रदरफोर्ड तथा सोडी ने** 1903 में प्रमाणित किया कि रेडियोधर्मिता एक नाभिकीय घटना है। और सभी प्रकार के रेडियोधर्मी परिवर्तन परमाणु के नाभिक के अंदर होते हैं। इन्होने रेडियोएक्टिव प्रक्रमों की तथा उनसे उत्पन्न विकरणों की व्याख्या के लिये सिद्धान्त दिये जिन्हे रेडियोएक्टिव विघटन का सिद्धान्त कहते हैं। इस सिद्धान्त के मुख्य बिन्दु निम्न हैं,

(1) रेडियोधर्मी तत्वों के परमाण्विक नाभिक अस्थायी होते हैं, जो विघटित हो जाते हैं।

(2) विघटन क्रिया स्वतः (spontaneous) होती है। विघटन की दर बाहरी कारकों जैसे : ताप, दाब, रासायनिक संयोग से प्रभावित नहीं होती है।

(3) विघटन के दौरान बनने वाले नये तत्व संतति तत्व कहलाते हैं, जिनके भौतिक व रासायनिक गुण पैतृक तत्वों से भिन्न होते हैं।

(4) विघटन के दौरान नाभिक से या तो अल्फा कण या फिर बीटा कण उत्सर्जित होते हैं।

विघटन की प्रक्रिया निम्न में से किसी एक विधि के अनुसार होती है,

(i) **$\alpha$-कण उत्सर्जन :** जब नाभिक से $\alpha$-कण उत्सर्जित होता है। तो पैतृक तत्व $({}_2He^4)$ से बनने वाले नये तत्व को **जनित तत्व या संतति तत्व** (daughter element) कहते हैं, जिसकी परमाणु द्रव्यमान या परमाणु द्रव्यमान संख्या 4 इकाई कम तथा नाभिकीय आवेश 2 इकाई कम हो जाता है क्योंकि $\alpha$-कण का द्रव्यमान 4 इकाई तथा आवेश 2 इकाई होता है,

$$\underset{\text{पैतृक तत्व}}{{}_ZX^A} \xrightarrow{-\alpha} \underset{\text{संतति तत्व}}{Z\text{-}2Y^{A\text{-}4}}$$

(ii) **$\beta$-कण उत्सर्जन :** $\beta$-कण लगभग इलेक्ट्रॉन के समान होता है। जिसका द्रव्यमान नगण्य होता है । रेडियोएक्टिव परमाणु के नाभिक से जब कभी भी एक $\beta$-कण उत्सर्जित होता है, तो बनने वाले नये तत्व का परमाणु द्रव्यमान तो वही रहता है, लेकिन परमाणु क्रमांक 1 इकाई बढ़ जाता है । न्यूट्रॉन के प्रोटॉन तथा इलेक्ट्रॉन में विघटित होने से $\beta$-कण निर्मित होता है ।

$${}_0n^1 \rightarrow {}_1p^1 + {}_{-1}e^0$$

$$\underset{\text{पैतृक तत्व}}{{}_ZX^A} \xrightarrow{-\beta} \underset{\text{संतति तत्व}}{Z{+}_1Y^A}$$

(iii) ***$\gamma$-किरणों का उत्सर्जन :*** *$\gamma$-किरणें द्वितीयक प्रभाव के कारण उत्पन्न होती हैं । ऊर्जा की अतिरिक्त मात्रा $\gamma$-किरण के रूप में उत्सर्जित होती है। अतः $\gamma$-किरणें नाभिक में ऊर्जा की पुनर्व्यवस्था (re-arrangement) से उत्पन्न होती हैं । हालांकि $\gamma$-किरणें कम तरंगदैर्ध्य वाली विद्युत चुम्बकीय विकिरण हैं जो कि आवेशहीन तथा द्रव्यमानहीन (massless) होती हैं ।*

विशिष्ट प्रकरण : रेडियोधर्मी स्थानांतरण के समय एक अल्फा तथा 2–β कणों के उत्सर्जन से प्राप्त होने वाला नया तत्व प्रारंभिक तत्व का समस्थानिक होता है।

$${}_ZA^W \xrightarrow{-\alpha} {}_{Z-2}B^{W-4} \xrightarrow{-\beta} {}_{Z-1}C^{W-4} \xrightarrow{-\beta} {}_ZD^{W-4}$$

$A$ तथा $D$ समस्थानिक हैं।

## समूह विस्थापन नियम (Group displacement law)

**सोडी फज़ान, तथा रसेल** (1911-1913) ने यह पाया कि जब $\alpha$-कण का उत्सर्जन होता है, तो प्राप्त नये तत्व के परमाणु क्रमांक में 2 की कमी व परमाणु भार में 4 की कमी हो जाती है। जबकि $\beta$-कण उत्सर्जन पर परमाणु क्रमांक में एक की वृद्धि हो जाती है। वह रेडियोएक्टिव तत्व जिनसे $\alpha$, $\beta$-कण उत्सर्जित होते हैं **पैतृक तत्व** कहलाते हैं तथा नये बनने वाले तत्व को **संतति तत्व** कहते हैं । उपरोक्त परिणाम इस तरह समूहित किये गये हैं।

(1) जब $\alpha$-कण उत्सर्जित होता है, तो उत्पन्न नया तत्व आवर्त सारणी में 2 समूह बायीं ओर विस्थापित होता है *(क्योंकि परमाणु क्रमांक 2 कम होता है)।*

(2) जब $\beta$-कण उत्सर्जित होता हैं । तो बनने वाला नया तत्व आवर्त सारणी में एक समूह दायीं ओर विस्थापित हो जाता है । ***(क्योंकि परमाणु क्रमांक में 1 की वृद्धि होती है)।***

(3) जब पॉजिट्रॉन उत्सर्जित होता है, तो संतति तत्व आवर्त सारणी में मूल तत्व की अपेक्षा एक स्थान बायीं ओर विस्थापित हो जाता है।

समूह विस्थापन नियम मुख्यतः लैन्थेनाइड श्रेणी (57 से 71), एक्टीनाइड श्रेणी (89 से 103), VIII समूह (26 से 28; 44 से 46; 76 से 78), IA तथा IIA समूह के लिए लागू होता है।

*नाभिकीय स्थानांतरण के दौरान उत्पन्न $\alpha$- तथा $\beta$- कणों की संख्या का निर्धारण :* ${}^a_cX \rightarrow {}^b_dY + x\,{}^4_2He + y\,{}_{-1}e^0$

$$a = b + 4x \text{ या } x = \frac{a-b}{4} \quad .....(i)$$

$$c = d + 2x - y \quad .....(ii)$$

*जहाँ $x$ = उत्सर्जित $\alpha$-कणों की संख्या तथा $y$ = उत्सर्जित $\beta$-कणों की संख्या*

*समीकरण (i) से $x$ का मान समीकरण (ii) में रखने पर*

$$c = d + \left(\frac{a-b}{4}\right)2 - y\ ;\ y = d + \left[\frac{a-b}{2}\right] - c$$

## रेडियोएक्टिव विघटन श्रेणियाँ
**(Radioactive disintegration series)**

प्राकृतिक रेडियोएक्टिवता का प्रक्रम तब तक चलता रहता है, जब तक कि स्थायी नाभिक न बन जाये । प्रारम्भिक तत्व से अन्तिम स्थायी तत्व तक के सभी नाभिक मिलकर विघटन श्रेणियों (disintegration series) के नाम से जाने जाते हैं। हम जानते हैं कि द्रव्यमान संख्या केवल तब बदलती है, जब $\alpha$-कण उत्सर्जित होते हैं । (तथा $\beta$-कण उत्सर्जित होने पर नहीं) इसके फलस्वरूप प्रत्येक पद में द्रव्यमान में 4 इकाई का परिवर्तन होता है । इसलिए, किसी श्रेणी में सभी तत्वों की द्रव्यमान संख्याएँ निम्न सूत्रों में से किसी एक में प्रयुक्त होंगी ।

$4n$, $4n+1$, $4n+2$ तथा $4n+3$

अतः केवल चार विघटन श्रेणियाँ हो सकती हैं।

| | **$4n$** | **$4n+1$** | **$4n+2$** | **$4n+3$** |
|---|---|---|---|---|
| $n$ | 58 | 59 | 59 | 58 |
| पैतृक तत्व | ${}_{90}Th^{232}$ | ${}_{94}Pu^{241}$ | ${}_{92}U^{238}$ | ${}_{92}U^{235}$ |
| अर्द्ध-आयु | $1.39 \times 10^{10}$ | 10 | $4.5 \times 10^9$ | $7.07 \times 10^8$ |
| अर्द्ध-आयु | $1.39 \times 10^{10}$ | $2.2 \times 10^6$ | $4.5 \times 10^9$ | 13.5 |
| श्रेणी का नाम | थोरियम (प्राकृतिक) | नेप्चुनियम (कृत्रिम) | यूरेनियम (प्राकृतिक) | एक्टिनियम (प्राकृतिक) |
| अंतिम उत्पाद | ${}_{82}Pb^{208}$ | ${}_{83}Bi^{209}$ | ${}_{82}Pb^{206}$ | ${}_{82}Pb^{207}$ |
| $n$ | 52 | 52 | 51 | 51 |
| क्षय कणों की संख्या | $\alpha = 6$ $\beta = 4$ | $\alpha = 8$ $\beta = 5$ | $\alpha = 8$ $\beta = 6$ | $\alpha = 7$ $\beta = 4$ |

## नाभिकीय संरचना एवं नाभिकीय बल
**(Nuclear structure and Nuclear forces)**

पूर्व अवधारणा के अनुसार, नाभिक दो मूलभूत भाग प्रोटोन एवं न्यूट्रॉन से बना होता है, जिन्हें सम्मिलित रुप से न्यूक्लिऑन (Nucleon) कहते हैं। यह धारणा है, कि प्रबल प्रोटॉन–न्यूट्रॉन, न्यूट्रॉन–न्यूट्रॉन तथा प्रोटॉन–प्रोटॉन आकर्षण बल नाभिक में स्थित होते हैं। ये आकर्षण बल

नाभिकीय बल कहलाते हैं, उन विद्युत स्थैतिक बलों के विपरीत जो बड़े क्षेत्र में भी कार्य करते हैं । नाभिकीय बल केवल एक छोटी दूरी लगभग $1\times10^{-15}m$ या 1 फर्मी (1 फर्मी $=10^{-13}cm$) तथा तेजी से $1\times10^{-13}cm.$ की दूरी पर शून्य तक गिर जाता है, इसलिए इन्हें कम परास (short range) बल कहा जाता है। ***विद्युत स्थैतिक बलों के विपरीत नाभिकीय बल व्युत्क्रम वर्ग के नियम का पालन नहीं करते हैं*।** **नाभिकीय बल विद्युत स्थैतिक बलों की तुलना में लगभग $10^{21}$ गुना प्रबल होते हैं।**

1935 में **यूकावा** ने एक संकल्पना दी कि न्यूट्रॉन तथा प्रोटॉन **पाई–मेसॉन** कहलाने वाले नाभिकीय कणों के तीव्र विनिमय द्वारा एक साथ बंधे रहते हैं । ($\pi$-मेसॉनों का द्रव्यमान इलेक्ट्रॉन के द्रव्यमान का *275* गुना होता है तथा आवेश *+1, 0* या *–1* होता है, इसलिए इन्हें क्रमशः $\pi^+$ $\pi^0$ तथा $\pi^-$ से दर्शाते हैं) न्यूक्लिऑनों के बीच पाई–मेसॉनों के इस तीव्र विनिमय में उत्पन्न नाभिकीय बल **विनिमय बल** (Exchange force) भी कहलाते हैं।

असमान न्यूक्लिऑनों (*p* तथा *n*) के बीच बंधन बलों की एक आवेशित पाई–मेसॉन ($\pi^+$ या $\pi^-$) के कम्पन द्वारा व्याख्या की जाती है।

(a) $p_1+n_2 \rightleftharpoons n_1+\pi^+ +n_2 \rightleftharpoons n_1+p_2$

(b) $p_1+n_2 \rightleftharpoons n_1+\pi^- +p_2 \rightleftharpoons n_1+p_2$

समान कणों (*p - p* या *n - n*) के बीच बंधन बल निम्न प्रकार निरूपित उदासीन मेसॉनों ($\pi$) के विनियम के फलस्वरूप होते हैं।

(a) $p_1 \rightleftharpoons p_2+\pi^0$ या $p_1+\pi^0 \rightleftharpoons p_2$

(b) $n_1 \rightleftharpoons n_2+\pi^0$ या $n_1+\pi^0 \rightleftharpoons n_2$

## नाभिकीय स्थायित्व (Nuclear stability)

नाभिकीय स्थायित्व के आधार पर न्यूक्लिऑइडों को (Nuclides) को दो भागों में बाँटा गया है । स्थायी तथा अस्थायी नाभिक। परमाणु नाभिकीय स्थायित्व का सबसे मान्य सिद्धान्त इस तथ्य पर आधारित है, कि सभी ज्ञात **आइसोटोपों** (हाइड्रोजन को छोड़कर) का प्रेक्षित परमाणु द्रव्यमान का मान, प्रोटॉन व न्यूट्रॉनों (न्यूक्लिऑन) के द्रव्यमान से कम होता है । कुछ कम महत्वपूर्ण मूलभूत कण जैसे – इलेक्ट्रॉन, एण्टीप्रोटॉन, पोजीट्रॉन, न्यूट्रिनो, फोटॉन, ग्रेविटॉन, मेसॉन व $\gamma$ – कण भी नाभिक में उपस्थित होते हैं । इन कणों का उपयोग ऊर्जा को द्रव्यमान में तथा द्रव्यमान को ऊर्जा में परिवर्तन के लिए किया जाता है। नाभिक में न्यूट्रॉन के विघटन से इलेक्ट्रॉन उत्पन्न होते हैं ।

**न्यूट्रॉन $\longrightarrow$ प्रोटॉन + इलेक्ट्रॉन**

ठीक इसी प्रकार फोटॉन की उत्पत्ति नाभिक में आन्तरिक प्रतिबल (Internal stress) के कारण होती है ।

नाभिक के स्थायित्व को निम्न के द्वारा समझा सकते हैं ।

(1) **नाभिकीय बंधन ऊर्जा तथा द्रव्यमान क्षति** (Nuclear binding energy and Mass defect) : यह प्रेक्षित किया गया कि सभी नाभिकों का परमाणु द्रव्यमान (हाइड्रोजन को छोड़कर) प्रोटोन एवं न्यूट्रॉनो के द्रव्यमान के योग से भिन्न होता है। इस अन्तर को द्रव्यमान क्षति कहते हैं।

द्रव्यमान क्षति = न्यूक्लिऑनों का कुल द्रव्यमान – प्रेक्षित परमाण्विक द्रव्यमान

द्रव्यमान क्षति को ऊर्जा में बदला जाता है, इस ऊर्जा को बन्धन ऊर्जा कहते हैं। यह वह ऊर्जा है जो नाभिक को उसके घटकों (*p* एवं *n*) में तोड़ने के लिये आवश्यक है।

बन्धन ऊर्जा = द्रव्यमान क्षति $\times 931\,MeV$

नाभिक के स्थायित्व को प्रति न्यूक्लिऑन बन्धन ऊर्जा के आधार पर नहीं समझाते। प्रति न्यूक्लिऑन बन्धन ऊर्जा आयरन (56) के प्रकरण में अधिकतम (8.7 *MeV*) होती है। प्रति न्यूक्लिऑन बन्धन ऊर्जा के मान को या तो हल्के नाभिकों के संलयन या भारी नाभिक को तोड़ने के द्वारा बढ़ाया जा सकता है।

बन्धन ऊर्जा का मान किसी तत्व के विभिन्न समस्थानिकों के आपेक्षिक स्थायित्व को बताता है । यदि बन्धन ऊर्जा का मान ऋणात्मक है, तो उत्पाद नाभिक, अभिकारक नाभिक से कम स्थायी होंगे । इस प्रकार किसी तत्व के विभिन्न समस्थानिकों का आपेक्षिक स्थायित्व नाभिक में एक न्यूट्रॉन के प्रत्येक वृद्धिकारक योग के लिए बन्धन ऊर्जा के मानों द्वारा ज्ञात किया जा सकता है ।

$${}_2He^3 + {}_0n^1 \longrightarrow {}_2He^4 + 20.5\,MeV$$

$${}_2He^4 + {}_0n^1 \longrightarrow {}_2He^5 - 0.8\,MeV$$

इसलिए ${}_2He^4$, ${}_2He^3$ तथा ${}_2He^5$ से अधिक स्थायी हैं ।

(2) **संकुलन गुणांक** (Packing fraction) : वास्तविक समस्थानिक द्रव्यमान तथा द्रव्यमान संख्या के अन्तर को संकुलन गुणांक कहा जाता है,

$$\text{संकुलन गुणांक} = \frac{\text{वास्तविक समस्थानिक द्रव्यमान} - \text{द्रव्यमान संख्या}}{\text{द्रव्यमान संख्या}} \times 10^4$$

संकुलन गुणांक का मान नाभिक में न्यूक्लिऑनों के संकुलन के तरीके पर निर्भर करता है । इसका मान धनात्मक, ऋणात्मक या शून्य भी हो सकता है। ऋणात्मक संकुलन गुणांक सामान्यतः नाभिक के स्थायित्व को निर्देशित करता है।

सामान्यतः संकुलन गुणांक कम होने पर प्रति न्यूक्लिऑन बंधन ऊर्जा अधिक होती है और इसलिए स्थायित्व भी अधिक होता है । *He, C तथा O का अपेक्षाकृत निम्न संकुलन गुणांक अतिरिक्त स्थायित्व प्रदान करता है । संकुलन गुणांक Fe के लिए न्यूनतम (ऋणात्मक) एवं H के लिए उच्चतम (+78) है ।*

(3) **जादुई संख्याएँ** (Magic number) : अतिरिक्त नाभिकीय इलेक्ट्रॉनों के समान परमाणु के नाभिक में भी निश्चित ऊर्जा स्तर (कोश) होते हैं।

2, 8, 20, 28, 50, 82 तथा 126 प्रोटॉनों या न्यूट्रॉनों वाले नाभिक, समस्थानिकों की एक बड़ी संख्या के साथ विशेष रूप से स्थायी पाये गये हैं । ये संख्याएँ सामान्यतः **जादुई संख्याएँ** (Magic Numbers) कहलाती हैं, जो नाभिक के ऊर्जा स्तरों की पूर्णता के लिए आवश्यक न्यूक्लिऑनों की संख्या के रूप में परिभाषित की जाती है । न्यूक्लिऑन बाह्य नाभिकीय भाग में इलेक्ट्रॉनों की व्यवस्था के समान, कोशों में दो प्रोटॉनों या दो न्यूट्रॉनों (युग्मित चक्रण के साथ) की तरह व्यवस्थित होते हैं । इस प्रकार के नाभिकों में ${}_2He^4, {}_8O^{16}, {}_{20}Ca^{40}$ तथा ${}_{82}Pb^{208}$ क्रमशः 2, 8, 20 तथा 82 (सभी जादुई संख्याएँ) प्रोटॉन तथा क्रमशः 2, 8, 20 तथा 126 (सभी जादुई संख्याएँ) न्यूट्रॉन होते हैं । अतः ये अधिकतम स्थायी होते हैं ।

**प्रोटॉनों** के लिए जादुई संख्याएँ : 2, 8, 20, 28, 50, 82,114

**न्यूट्रॉनों** के लिए जादुई संख्याएँ : 2, 8, 20, 28, 50, 126, 184, 196

जब प्रोटॉनों की संख्या तथा न्यूट्रॉनों की संख्या दोनों ही जादुई संख्याएँ होती हैं तो नाभिक बहुत अधिक स्थायी होता है । इसीलिए अधिकतर रेडियोएक्टिव श्रेणियाँ स्थायी समस्थानिक लैड पर खत्म होती हैं। (प्रोटॉन के लिए जादुई संख्याएँ = 82 व न्यूट्रॉन के लिए जादुई संख्या = 126 होती है।) इन जादुई संख्याओं से बिल्कुल ऊपर की संख्या के न्यूक्लिऑनों वाले नाभिक कम स्थायी होते हैं तथा इसलिए ये जादुई संख्या प्राप्त करने के लिए कुछ कण उत्सर्जित कर सकते हैं ।

(4) **न्यूट्रॉन–प्रोटॉन अनुपात तथा रेडियोएक्टिवता का कारण** : यह पाया जाता है कि नाभिक स्थायित्व न्यूट्रॉन–प्रोटॉन अनुपात (*n/p*) पर निर्भर

करता है। यदि हम विभिन्न तत्वों के नाभिकों के लिये प्रोटॉनो की संख्या को न्यूट्रॉनों की संख्या के विरुद्ध आलेखित करे, तो ये प्रेक्षित किया जाता है कि अधिकांश स्थायी नाभिक (रेडियो अक्रिय) चित्र में गहरे क्षेत्र के बेल्ट में आते हैं इसे *स्थायित्व बेल्ट* अथवा ***स्थायित्व जोन*** कहते हैं। नाभिक जिनका (*n/p*) अनुपात बेल्ट के क्षेत्र में नहीं आता वो अस्थायी होते हैं और स्वतः रेडियोएक्टिव विघटन में जाते हैं।



Fig. 7.2

ये प्रेक्षित किया जाता है कि

(i) स्थायी नाभिकों के लिये $n/p$ अनुपात एक के अत्यन्त समीप होता है वह निम्न परमाणु क्रमांक (20 या कम) वाले तत्वो के लिये होता है किन्तु यह उच्च परमाणु क्रमांक वाले तत्वों के लिये एक से अधिक होता है। नाभिक जिनका $n/p$ अनुपात या तो बहुत अधिक हो या बहुत कम हो नाभिकीय रुपान्तरण में जाते हैं।

(ii) जब $n/p$ अनुपात स्थायित्व के लिये आवश्यक मात्रा से अधिक हो, तो नाभिक में $\beta-$किरणें उत्सर्जित करने की प्रवृत्ति होती है अर्थात् न्यूट्रॉन प्रोटॉन में परिवर्तित होते हैं।

(iii) जब $n/p$ अनुपात स्थायित्व के लिये आवश्यक मात्रा से कम हो, तो नाभिक या तो $\alpha-$कण उत्सर्जन या पोजिट्रॉन के उत्सर्जन द्वारा या *K*-इलेक्ट्रान के अधिग्रहण द्वारा अनुपात बढ़ाता है।

## रेडियोएक्टिव विघटन की दर (Rate of radioactive decay)

*रेडियोएक्टिव विघटन नियम के अनुसार, ''इकाई समय में लुप्त होने वाली रेडियोतत्व की विघटन की दर उपस्थित मात्रा के अनुक्रमानुपाती होती है ।''*

रेडियोएक्टिव क्षय का नियम गणितीय रूप से भी व्यक्त किया जा सकता है। माना कि प्रेक्षण के समय उपस्थित रेडियोएक्टिव तत्व के परमाणुओं की संख्या अर्थात् $t=0$, *N* है तथा $t$ समय बाद शेष अपरिवर्तनीय परमाणुओं की संख्या $N_t$ है, किसी भी समय $t$ पर विघटन की दर $\left(-\frac{dN_t}{dt}\right)$, *N* के सीधे ही समानुपाती होती है। तब

$$-\frac{dN_t}{dt}=\lambda N$$

जहाँ $\lambda$ एक रेडियोएक्टिव स्थिरांक या क्षय नियतांक है ।

रेडियोएक्टिव क्षय समीकरण के विभिन्न रूप हैं,

$$N_t=N_0e^{-\lambda t}\,;\ \log N_0-\log N_t=0.4343\ \lambda t$$

$$\log\frac{N_0}{N_t}=\frac{\lambda t}{2.303}\,;\ \lambda=\frac{2.303}{t}\log\frac{N_0}{N_t}$$

*यह समीकरण प्रथम कोटि की अभिक्रिया के समान है, इसलिए हम कह सकते हैं, कि रेडियोएक्टिव विघटन प्रथम कोटि अभिक्रिया का उदाहरण है। प्रथम कोटि अभिक्रिया के दर नियतांक (K) के समान ही क्षय नियतांक ($\lambda$) तापमान से स्वतंत्र होता है।*

न्यूक्लिऑइड के क्षय की दर ताप से स्वतंत्र होती है इसलिये इसके सक्रियण की ऊर्जा शून्य होती है।

(1) **अर्द्ध–आयुकाल** (Half-life period) ($T_{½}$ या $t_{½}$) : किसी रेडियोतत्व के अर्द्ध–आयुकाल को निम्न प्रकार से परिभाषित कर सकते हैं। *''किसी तत्व की दी हुई मात्रा को इसकी आधी मात्रा तक क्षय होने में आवश्यक समय अर्द्ध–आयुकाल कहलाता है ।''*

$$t_{1/2}=\frac{0.693}{\lambda}$$

*अब चूँकि $\lambda$ एक नियतांक है, इसलिए हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि किसी विशेष रेडियोतत्व का अर्द्ध–आयुकाल रेडियोतत्व की मात्रा पर निर्भर नहीं करता।* दूसरे शब्दों में, किसी समय पर उपस्थित रेडियोएक्टिव तत्व की मात्रा चाहे कुछ भी हो, यह अर्द्ध–आयुकाल के बाद अपनी मात्रा का आधा विघटित हो जायेगा ।

माना कि रेडियोएक्टिव पदार्थ की प्रारम्भिक मात्रा $N_0$ है

$n$ अर्द्ध–आयुकाल बाद रेडियोएक्टिव पदार्थ की शेष मात्रा

$$N=\left(\frac{1}{2}\right)^n N_0$$

तथा कुल समय $T=n\times t_{1/2}$, जहाँ $n$ एक पूर्णांक संख्या है।

(2) **औसत आयुकाल** (Average life period) (*T*) : चूँकि किसी भी तत्व का कुल विघटन समय अनन्त होता है, इसलिए रेडियोएक्टिव तत्वों के लिए कुल विघटन समय (कुल आयु) शब्द का प्रयोग करना अर्थहीन है । इस प्रकार शब्द औसत आयु प्रयुक्त किया जाता है ।

$$\text{औसत आयु } (T)=\frac{\text{नाभिकों की आयु का योग}}{\text{नाभिकों की कुल संख्या}}$$

*किसी तत्व की औसत आयु (T) इसके विघटन नियतांक का व्युत्क्रम होती है ।*

$\lambda$ का मान उपरोक्त समीकरण $T=\frac{1}{\lambda}$ में रखने पर,

$$T=\frac{t_{1/2}}{0.693}=1.44\ t_{1/2}$$

इस प्रकार औसत आयु $(T)=1.44\times$ अर्द्ध आयु $(T_{1/2})=\sqrt{2}\times t_{1/2}$

अतः रेडियोएक्टिव आइसोटोप का औसत आयुकाल उसके अर्द्ध आयुकाल और 2 के वर्गमूल के गुणनफल के बराबर होता है।

(3) **पदार्थ की सक्रियता या विशिष्ट सक्रियता** (Activity of population or Specific activity) : यह रेडियोएक्टिव पदार्थ की रेडियोएक्टिवता की माप होती है । इसे परिभाषित कर सकते हैं कि, ''रेडियोएक्टिव समस्थानिकों की प्रति सेकण्ड प्रति ग्राम विघटित नाभिकों की संख्या है ।''

गणितीय रूप से, यदि '*m*' रेडियोएक्टिव पदार्थ का द्रव्यमान है, तब–

$$\text{विशिष्ट सक्रियता}=\frac{\text{विघटन की दर}}{m}=\frac{\lambda N}{m}=\lambda\times\frac{\text{एवोगेड्रो संख्या}}{\text{परमाणु द्रव्यमान ग्राम में}}$$

जहाँ, *N* विघटित होने वाले नाभिकों की संख्या है।

(4) **रेडियोएक्टिव साम्य** (Radioactive equilibrium) : माना एक रेडियोएक्टिव तत्व $A$ विघटित होकर अन्य रेडियोएक्टिव तत्व $B$ बनाता है। जो फिर अन्य तत्व $C$ में विघटित हो जाता है ।

$$A\longrightarrow B\longrightarrow C$$

$B$ को $A$ के साथ साम्य में कहा जाता है यदि इसकी $A$ से निर्माण की दर इसके $C$ में क्षय की दर के समान हो।

यह महत्वपूर्ण है कि साम्य शब्द उत्क्रमणीय अभिक्रियाओं के लिए प्रयुक्त किया जाता है लेकिन रेडियोएक्टिव अभिक्रियाएँ अनुत्क्रमणीय होती

हैं । इसलिए यह प्राथमिकता से कहा जाता है कि *B*, साम्यावस्था की अपेक्षा स्थिर अवस्था में होता है ।

इस प्रकार स्थिर अवस्था पर, $\frac{N_A}{N_B}=\frac{\lambda_B}{\lambda_A}=\frac{T_A}{T_B}=\frac{(t_{1/2})_A}{(t_{1/2})_B}$

*इस प्रकार स्थिर अवस्था पर (रेडियोएक्टिव साम्य पर) अभिक्रिया श्रेणी में उपस्थित विभिन्न रेडियोतत्वों की मात्राऐं (परमाणुओं की संख्या) इनके रेडियोएक्टिव नियतांकों के व्युत्क्रमानुपाती या इनकी अर्द्धआयु व औसत आयु के अनुक्रमानुपाती होती हैं।*

(5) **रेडियोएक्टिवता की इकाईयाँ** (Units of radioactivity) : रेडियोएक्टिवता की मानक इकाई क्यूरी (*c*) है, जो किसी रेडियोएक्टिव पदार्थ की उस मात्रा के रूप में परिभाषित की जाती है, जो $3.7\times10^{10}$ विघटन प्रति सेकण्ड (*dps*) अर्थात् 1*c* = एक ग्राम $Ra^{226}$ की सक्रियता $=3.7\times10^{10}\,dps$ देता है । मिलीक्यूरी (*mc*) तथा माइक्रोक्यूरी ($\mu c$) क्रमशः $10^{-3}$ तथा $10^{-6}$ क्यूरी अर्थात् $3.7\times10^{7}$ तथा $3.7\times10^{4}$ है ।

$1c=10^3 mc=10^6\mu c\,;1c=3.7\times10^{10}dps$

$1mc=3.7\times10^7 dps\ ;\ 1\mu c=3.7\times10^4 dps$

लेकिन आजकल क्यूरी के स्थान पर रदरफोर्ड (*rd*) का उपयोग करते हैं । जो किसी रेडियोएक्टिव पदार्थ की उस मात्रा के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसमें $10^6\,dps$. होते हैं । अर्थात् $1\,rd=10^6\,dps$ । रदरफोर्ड इकाई के अनुरूप **मिलीक्यूरी** तथा **माइक्रोक्यूरी** इकाईयाँ क्रमशः **मिलीरदरफोर्ड** (*mrd*) तथा **माइक्रोरदरफोर्ड** ($\mu rd$) हैं ।

$1c=3.7\times10^{10}\,dps=37\times10^3\,rd$

$1mc=3.7\times10^7\,dps=37\,rd$

$1\mu c=3.7\times10^4\,dps=37\,mrd$

हालाँकि SI पद्धति में रेडियोएक्टिवता की इकाई **बेकुरल** (*Bq*) है।

1 *Bq* = 1 विघटन प्रति सेकेण्ड = 1 *dps* = 1$\mu rd$

$10^6\,Bq=1\,rd\ ,\ 3.7\times10^{10}\,Bq=1\,c$

(6) **गिगर–न्यूटल सम्बन्ध** : यह $\alpha$-रेडियोएक्टिव पदार्थ के विघटन स्थिरांक तथा उत्सर्जित $\alpha$-कण की परास के मध्य सम्बन्ध को बताता है।

$$\log\lambda=A+B\log R$$

यह *R* परास है *A* एक नियतांक है जो कि एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में परिवर्तित होते हैं । *B* सभी श्रेणियों के लिए नियतांक है । अतः $\lambda$ का मान जितना अधिक होगा, $\alpha$-कण का परास उतना ही अधिक होगा ।

## तत्वों का कृत्रिम तत्वांतरण
## (Artificial transmutation of elements)

**कृत्रिम तत्वांतरण** : एक तत्व का कृत्रिम साधनों द्वारा अन्य में परिवर्तन अर्थात् कुछ मूलकणों की बमबारी द्वारा परिवर्तन कृत्रिम तत्वांतरण कहलाता है । यह क्रिया सबसे पहले नाइट्रोजन पर प्रयुक्त की गयी, जिसका नाभिक $\alpha$-कणों द्वारा बमबारी पर ऑक्सीजन बनाता है ।

$$\underset{\text{नाइट्रोजन समस्थानिक}}{{}_7N^{14}}+\underset{\text{अल्फा कण}}{{}_2He^4}\rightarrow\underset{\text{ऑक्सीजन समस्थानिक}}{{}_8O^{17}}+\underset{\text{प्रोटोन}}{{}_1H^1}$$

निम्न महत्वपूर्ण मूलकण विभिन्न तत्वों की बमबारी में प्रयुक्त किये जाते हैं ।

$\alpha$-कण : ${}_2He^4$ ; प्रोटॉन : ${}_1H^1$

ड्यूट्रॉन : ${}_1H^2$ या ${}_1D^2$ ; न्यूट्रॉन : ${}_0n^1$

चूँकि $\alpha$-कणों, प्रोटॉनों तथा ड्यूट्रॉनों पर धनावेश होता है तथा ये धनावेशित नाभिक द्वारा प्रतिकर्षित किये जाते हैं इसलिए ये अच्छे प्रक्षेप्य नहीं हैं। दूसरी ओर, न्यूट्रॉनों पर कोई आवेश न होने के कारण ये अच्छे प्रक्षेप्य होते हैं । साइक्लोट्रॉन इन कणों को त्वरित करने के लिए सबसे अधिक प्रयुक्त होने वाला यन्त्र है, कण यंत्र द्वारा लगभग 25,000 मील प्रति सेकण्ड के वेग से छोड़े जाते हैं । यह महत्वपूर्ण है, कि न्यूट्रॉन, उदासीन होने के कारण, इस यन्त्र द्वारा त्वरित नहीं किये जा सकते हैं ।

एक अत्यधिक त्वरक यंत्र, जो **सिन्कोट्रॉन या बेवट्रॉन** कहलाता है, जिससे परिवर्तनीय चुम्बकीय क्षेत्र में इलेक्ट्रॉन पर लगने वाले बल या प्रेरित धारा का उपयोग किया जाता है । न्यूट्रॉन उदासीन होने के कारण इस यंत्र से त्वरित नहीं किये जा सकते ।

जब किसी टारगेट तत्व को न्यूट्रॉन से बमबारित किया जाता है । तो बनने वाला उत्पाद न्यूट्रॉन की गति पर निर्भर करता है। मन्द न्यूट्रॉन नाभिक को भेदते हैं जबकि तेज न्यूट्रॉन पार निकल जाते हैं।

$${}_{92}U^{238}+\underset{\text{मन्द वेग}}{{}_0n^1}\rightarrow{}_{92}U^{239}\,;\ {}_{92}U^{238}+\underset{\text{उच्च वेग}}{{}_0n^1}\rightarrow{}_{92}U^{237}+2{}_0n^1$$

अतः मन्दगामी न्यूट्रॉनों को ऊष्मीय न्यूट्रॉन भी कहते हैं । यह तीव्रगामी न्यूट्रॉनों से ज्यादा बेहतर होते हैं ।

**अलकेमी** (Alchemy) : एक तत्व का दूसरे में तत्वांतरण अलकेमी कहलाता है तथा वह इंसान जो इस प्रयोग को करता है, अलकेमिस्ट कहलाता है । यद्यपि सोने को लैड से अलकेमी द्वारा बनाया जा सकता है, किन्तु यह रेडियोधर्मी तथा प्राकृतिक सोने से महंगा पड़ता है।

(i) ***$\alpha$- कणों द्वारा तत्वांतरण***

(a) ***$\alpha$, n*** प्रकार

${}_4Be^9(\alpha,n){}_6C^{12}$ अर्थात् ${}_4Be^9+{}_2He^4\rightarrow{}_6C^{12}+{}_0n^1$

${}_{94}Pu^{239}(\alpha,n){}_{96}Cm^{242}$ अर्थात्

${}_{94}Pu^{239}+{}_2He^4\rightarrow{}_{94}Cm^{242}+{}_0n^1$

(b) ***$\alpha$, p*** प्रकार

${}_9F^{19}(\alpha,p){}_{10}Ne^{22}$ अर्थात् ${}_9F^{19}+{}_2He^4\rightarrow{}_{10}Ne^{22}+{}_1H^1$

${}_7N^{14}\ (\alpha,p)\ {}_8O^{17}$ अर्थात् ${}_7N^{14}+{}_2He^4\rightarrow{}_8O^{17}+{}_1H^1$

(c) ***$\alpha$, $\beta$*** प्रकार

${}_{26}Fe^{59}(\alpha,\beta){}_{29}Cu^{63}$ अर्थात् ${}_{26}Fe^{59}+{}_2He^4\rightarrow{}_{29}Cu^{63}+{}_{-1}e^0$

(ii) ***प्रोटॉन द्वारा तत्वांतरण***

(a) ***p, n*** प्रकार

${}_{15}P^{31}(p,n){}_{16}S^{31}$ अर्थात् ${}_{15}P^{31}+{}_1H^1\rightarrow{}_{16}S^{31}+{}_0n^1$

(b) ***p, $\gamma$*** प्रकार

${}_6C^{12}(p,\gamma){}_7N^{13}$ अर्थात् ${}_6C^{12}+{}_1H^1\rightarrow N^{13}+\gamma$

(c) ***p, d*** प्रकार

${}_4Be^9(p,d){}_4Be^8$ अर्थात् ${}_4Be^9+{}_1H^1\rightarrow{}_4Be^8+{}_1H^2$

(d) ***p, $\alpha$*** प्रकार

${}_8O^{16}(p,\alpha){}_7N^{31}$ अर्थात् ${}_8O^{16}+{}_1H^1\rightarrow{}_7N^{13}+{}_2He^4$

(iii) ***न्यूट्रॉन द्वारा तत्वांतरण***

(a) ***n,p*** प्रकार

$_{13}Al^{27}(n,p)_{12}Mg^{27}$ अर्थात् $_{13}Al^{27}+_{0}n^{1}\rightarrow_{12}Mg^{27}+_{1}H^{1}$

(b) ***n,α*** प्रकार

$_{8}O^{16}(n,\alpha)_{12}Mg^{27}$ अर्थात् $_{8}O^{16}+_{0}n^{1}\rightarrow_{6}C^{13}+_{2}He^{4}$

(c) ***n, γ*** प्रकार

$_{92}U^{238}(n,\lambda)_{92}U^{239}$ अर्थात् $_{92}U^{238}+_{0}n^{1}\rightarrow_{92}U^{238}+\lambda$

(d) ***n,β*** प्रकार

$_{8}O^{18}(n,\beta)_{9}F^{19}$ अर्थात् $_{8}O^{18}+_{0}n^{1}\rightarrow_{9}F^{19}+_{-1}e^{0}$

(iv) ***ड्यूट्रॉन द्वारा तत्वांतरण***

(a) ***d,p*** प्रकार

$_{3}Li^{6}(d,p)_{3}Li^{7}$ अर्थात् $_{3}Li^{6}+_{1}H^{2}\rightarrow_{3}Li^{7}+_{1}H^{1}$

$_{32}As^{75}(d,p)_{32}As^{76}$ अर्थात् $_{32}As^{75}+_{1}H^{2}\rightarrow_{32}As^{76}+_{1}H^{1}$

(v) ***γ-विकिरण द्वारा तत्वांतरण***

(a) ***γ, n*** प्रकार

$_{4}Be^{9}(\lambda,n)_{4}Be^{8}$ अर्थात् $_{4}Be^{9}+\gamma\rightarrow_{4}Be^{8}+_{0}n^{1}$

**कृत्रिम तत्व** (Synthetic elements) **:** 92 से अधिक परमाणु क्रमांक वाले तत्व अर्थात् वे तत्व जो आवर्त सारणी में यूरेनियम के बाद आते हैं, ये तत्व कृत्रिम तत्वांतरण विधियों द्वारा बनाये जाते हैं । इसलिए इन्हें ट्रांसयूरेनिक तत्व या परायूरेनिक तत्व या कृत्रिम तत्व कहते हैं ।

## नाभिकीय विखण्डन तथा नाभिकीय संलयन
## (Nuclear fission and Nuclear fusion)

(1) **नाभिकीय विखण्डन** (Nuclear fission) **:** भारी परमाणु जैसे कि यूरेनियम – *235* को किसी उपयुक्त कण द्वारा **बमबारित** करने पर वह छोटे–छोटे खण्डों में टूट जाता है । इस घटना को नाभिकीय विखण्डन कहते हैं । **हॉन तथा स्ट्रॉसमैन** ने इस घटना की खोज तब की जब यूरेनियम -235 जो न्यूट्रॉन से बमबारित किया जा रहा था ।

$_{92}U^{235}+_{0}n^{1}\rightarrow_{56}Ba^{140}+_{36}Kr^{93}+3\,_{0}n^{1}+$ ऊर्जा की अपार मात्रा

स्पेलेशन अभिक्रिया नाभिकीय विखण्डन अभिक्रिया के समान होती है, फिर भी यह बहुत से तथ्यों में भिन्न होती है।

वह तत्व जो नाभिकीय विखण्डन के योग्य है, उनमें से यूरेनियम सबसे मुख्य है। प्राकृतिक यूरेनियम तीन समस्थानिकों $U^{234}(0.006\%)$, $U^{235}(0.7\%)$ तथा $U^{238}(99.3\%)$ से बना होता है । इन तीनों समस्थानिकों में $U^{235}$ तथा $U^{238}$ का नाभिकीय विखण्डन सबसे महत्वपूर्ण है । $U^{238}$ का विखण्डन तीव्रगति वाले न्यूट्रॉन से होता है, जबकि $U^{235}$ का विखण्डन मंद गति वाले न्यूट्रॉन से होता है । इनमें से भी केवल $U^{235}$ का विखण्डन ही महत्वपूर्ण होता है । अन्य विखण्डनीय पदार्थों के उदाहरण हैं, $Pu^{239}$ तथा $U^{233}$ आदि।

यूरेनियम का समस्थानिक *U*-238 अधिकता में (99.3%) में पाया जाता है । यद्धपि यह स्वतः विखण्डित नहीं होता है, फिर भी यह *Pu*-239 में परिवर्तित होता है ।

$_{92}U^{238}+_{0}n^{1}\rightarrow_{92}U^{239}$ ; $_{92}U^{239}\rightarrow_{92}NP^{239}+_{-1}e^{0}$

$_{93}Np^{238}\rightarrow_{94}Pu^{239}+_{-1}e^{0}$

जो न्यूट्रॉनों की बमबारी करने पर विखण्डित होकर प्रति प्लूटोनियम नाभिक तीन न्यूट्रॉन उत्सर्जित करते हैं । *U*-238 जैसे पदार्थ जो स्वतः अविखण्डनीय होते हैं, लेकिन विखण्डनीय पदार्थों (*Pu*-239) में परिवर्तित हो जाते हैं, **उर्वर पदार्थ** (Fertile materials) कहलाते हैं।

**नाभिकीय श्रृंखला अभिक्रिया :** $U^{235}$ के एक छोटे खण्ड के साथ नाभिकीय विखण्डन के समय बहुत से न्यूट्रॉन निकलते हैं, लेकिन यदि $U^{235}$ की मात्रा कुछ किलोग्राम (क्रांतिक द्रव्यमान) से अधिक हो जाती है, तो विखण्डन के समय निकलने वाले न्यूट्रॉन समीपवर्ती नाभिक द्वारा अवशोषित कर लिए जाते हैं, जिससे विखण्डन की क्रिया आगे बढ़ती है तथा और अधिक न्यूट्रॉन उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार प्रत्येक विखण्डन में ऊर्जा की एक बहुत बड़ी मात्रा निकलती है।




Fig. 7.3

**परमाणु बम** (Atomic bomb) **:** परमाणु बम नाभिकीय विखण्डन की उस क्रिया पर आधारित है जिसमें द्वितीयक न्यूट्रॉन विखण्डनीय पदार्थ का खण्ड नहीं छोड़ते जिसके लिए विखण्डनीय पदार्थ का आकार क्रांतिक आकार से कम नहीं होना चाहिए । इस दौरान ऊर्जा का एक विशाल भण्डार उत्सर्जित होता है, जो विस्फोटक बल को प्रदर्शित करता है। यह बल अत्यधिक शक्तिशाली TNT बम से भी बहुत अधिक होता है। 1945 में द्वितीयक विश्व युद्ध में दो जापानी शहरों हिरोशिमा तथा नागासाकी के विरूद्ध दो परमाणु बम प्रयोग किये गये थे, जिनमे से पहला *U*-235 तथा दूसरा *Pu*-239 का बना था ।

**परमाणु भट्टी या न्यूक्लियर रियेक्टर :** *शान्तिपूर्वक लक्ष्यों के लिए प्रयुक्त नाभिकीय ऊर्जा को नियन्त्रित तरीके से प्राप्त करने के लिए यह एक यन्त्र है ।* अत्यन्त सामान्य रियेक्टर में एक बड़ी संख्या ग्रेफाइट (एलोट्रोपिक कार्बन) भागों की होती है, जिसमें यूरेनियम धातु की छड़ें होती हैं । अधिकतर न्यूट्रॉन ग्रेफाइट में $_{92}U^{235}$ के नाभिक छोड़ने से (विखण्डन 6000 या अधिक मील/सेकण्ड से एक मील/सेकण्ड की गति तक) तथा अब जब ये मन्दगामी न्यूट्रॉन यूरेनियम धातु में वापस आते हैं तो वे आगे विखण्डन उत्पन्न करते हैं । ग्रेफाइट जैसे पदार्थ, जो न्यूट्रॉनों की बिना अवशोषण के गति मंद कर देते हैं, मंदक कहलाते हैं । भारी जल *DO* एक अन्य महत्वपूर्ण मंदक है, जहाँ न्यूक्लियर रिएक्टर यूरेनियम धातु की छड़ों का बना होता है, जो एक बड़े टैंक में भारी जल में डूबी रहती हैं (स्वीमिंग पूल जैसा रिऐक्टर)। कैडमियम या बोरॉन/छड़ों का उपयोग नियंत्रक छड़ों के रूप में न्यूट्रॉनों के अवशोषण में करते हैं ।

**न्यूक्लियर रिऐक्टर से प्लूटोनियम :** इस प्रकार की क्रियाओं के लिए न्यूक्लियर रिएक्टर में विखण्डनीय पदार्थों के रूप में प्राकृतिक यूरेनियम का प्रयोग किया जाता है, जो मुख्यतः (99.3%) *U*-238 का बना होता है । किसी भी न्यूक्लियर रिएक्टर में *U*-235 विखण्डन में उत्पन्न होने वाले कुछ न्यूट्रॉन *U*-238 को एक स्थायी प्लूटोनियम समस्थानिक *Pu*-239 में परिवर्तित कर देते हैं । प्लूटोनियम एक महत्वपूर्ण नाभिकीय ईधन है । दो पदों वाली अभिक्रियाओं में जितने न्यूट्रॉन प्रयोग होते हैं, उससे अधिक उत्पन्न करते हैं तथा इस प्रकार से यह श्रृंखला अभिक्रिया का रूप ले लेती है, जो कि $U^{235}$ के विखण्डन के समान होती है । उपरोक्त अभिक्रियाऐं **ब्रीडर रिऐक्टर** में होती हैं।

**भारत में न्यूक्लियर रियेक्टर :** भारत में पाँच न्यूक्लियर रियेक्टर हैं, जिनके नाम इस तरह है

(i) अप्सरा (1952) (ii) साइरस (1960)

(iii) जर्लिना (1961) (iv) पूर्णिमा (1972) तथा

(v) *R*-5

पूर्णिमा में प्लूटोनियम ईधन के रूप में प्रयोग किया जाता है, जबकि अन्य में यूरेनियम ईधन का काम करता है।

(2) **नाभिकीय संलयन** (Nulear fusion) : *नाभिकीय विखण्डन के विपरीत हम नाभिकीय संलयन को इस प्रकार परिभाषित कर सकते हैं,* कि "वह विधि जिसमें हल्के नाभिक आपस में जुड़कर एक बड़े नाभिक का निर्माण करते हैं, नाभिकीय संलयन कहलाती है"। इस प्रकार की क्रियाऐं तर्कसंगत दरों पर कुछ करोड़ डिग्री की कोटि के केवल बहुत उच्च तापों पर होती हैं, जो केवल तारों के भीतर स्थित होता है। इस प्रकार की क्रियाऐं इसलिए **तापनाभिकीय अभिक्रियाऐं** कहलाती हैं क्योंकि (ताप पर निर्भर रहने वाली) जब कोई संलयन अभिक्रिया प्रारंभ होती है, तो उस अभिक्रिया में तापक्रम को सन्तुलित रखने के लिए पर्याप्त ऊर्जा निकलती है तथा अभिक्रिया को पूर्णता की ओर ले जाती है ।

$$\underset{\text{हाइड्रोजन}}{4\,{}_1H^1} \rightarrow \underset{\text{हीलियम}}{{}_2He^4} + \underset{\text{पोजीट्रॉन}}{2\,{}_{+1}e^0} + \text{ऊर्जा}$$

यह एक साधारण अभिक्रिया नहीं है, लेकिन इसमें तापनाभिकीय अभिक्रियाओं का एक समूह भाग लेता है, जो सूर्य समेत सभी तारों में होती रहती है । **दूसरे शब्दों में, सूर्य की ऊर्जा नाभिकीय संलयन के कारण होती है।**

**नियंत्रित नाभिकीय संलयन** (Controlled nuclear fusion) : नाभिकीय विखण्डन की तरह नाभिकीय संलयन की क्रिया नियंत्रित नहीं हो सकती । इस प्रकार, पृथ्वी के जल में ड्यूटीरियम $({}_1H^2)$ के $10^{17}$ पौण्ड अनुमानित हैं तथा एक पौण्ड ड्यूटीरियम कोयले की 2500 टन की ऊर्जा की पूर्ति करता है । इस प्रकार ऐसे रिएक्टर को बनाने के लिए एक बड़ा प्रयत्न करना होगा ।

**हाइड्रोजन बम :** हाइड्रोजन बम, हाइड्रोजन नाभिकों के ऊर्जा के विशाल उत्सर्जन के साथ तापनाभिकीय अभिक्रियाओं द्वारा किसी भारी नाभिक में संलयन पर आधारित होता है । उपरोक्त क्रिया केवल उच्च ताप पर होती है । इस प्रकार यह आवश्यक है कि ऊर्जा का एक बाहरी स्त्रोत हो जो आवश्यक उच्च ताप प्रदान कर सके। इस उद्देश्य के लिए, परमाणु बम (अर्थात् विखण्डन बम) एक प्राथमिक की तरह प्रयोग किया जाता है जो विस्फोट के द्वारा हाइड्रोजन बम (संलयन बम) की सफल प्रक्रिया में आवश्यक उच्च ताप प्रदान करता है। हाइड्रोजन बम बनाने की विधि में, साधारण परमाणु बम से घिरे हुए क्षेत्र में एक उचित मात्रा में ड्यूटीरियम अथवा ट्राइटियम अथवा दोनों का मिश्रण बंद होता है ।

फर्मी द्वारा पहला नाभिकीय रियेक्टर 1942 में स्थापित किया गया था।

**नाभिकीय विखण्डन तथा नाभिकीय संलयन में अंतर**

| नाभिकीय विखण्डन | नाभिकीय संलयन |
|---|---|
| यह क्रिया भारी तत्वों के नाभिकों में होती है । | यह हल्के तत्वों के नाभिकों में होती है । |
| इस क्रिया में भारी तत्व लगभग दो समान भार वाले हल्के तत्वों में विखण्डित हो जाता है । | इस क्रिया में दो हल्के नाभिक एक बड़े नाभिक में संलयित हो जाते हैं । |
| यह क्रिया साधारण ताप पर होती है । | यह उच्च ताप पर $(>10^6\ K)$ होती है । |
| इस क्रिया में अत्यधिक ऊर्जा निकलती है । (200 *MeV* प्रति विखण्डन) | इस क्रिया में कम मात्रा में ऊर्जा निकलती है । (3 से 24 *MeV* प्रति संलयन) |
| ऊर्जा परिवर्तन की प्रतिशत सामर्थ्य तुलनात्मक रूप से कम होती है। | ऊर्जा परिवर्तन का प्रतिशत सामर्थ्य बहुत अधिक होता है । (विखण्डन क्रिया की 4 गुना) |
| यह क्रिया उपयोगी उददेश्यों के लिए नियंत्रित की जा सकती है । | यह क्रिया नियंत्रित नहीं हो सकती । |

## रेडियोएक्टिवता के उपयोग (Application of radioactivity)

रेडियोआइसोटोपों के विभिन्न क्षेत्रों जैसे – दवाईयाँ, खेती, विज्ञान, रसायन, आर्कियोलोजी, इंजीनियरिंग तथा उद्योगों में उपयोग होता है ।

(1) **आयु का निर्धारण :** पृथ्वी की आयु यूरेनियम डेटिंग तकनीक से निम्न प्रकार से ज्ञात की जाती है । यूरेनियम अयस्कों के नमूने $\alpha$-कण तथा $\beta$-विघटनों की एक लम्बी श्रृंखला के परिणामस्वरूप $Pb^{206}$ से युक्त पाये जाते हैं । अब यदि यह माना जाए कि निर्माण के समय अयस्क नमूने में लैड नहीं है तथा यदि $U^{238}$ के विघटन से बने लैड की कुछ भी क्षति नहीं होती, तो $Pb^{206}/U^{238}$ अनुपात का मापन खनिज के समय $t$ का मान होगा ।

$$\frac{Pb^{206}\text{ के परमाणुओं की संख्या}}{U^{238}\text{ के परमाणुओं की संख्या}} = e^{-\lambda t-1},$$

जहाँ, $\lambda$ यूरेनियम-238 का क्षय नियतांक है ।

$$\text{या, } t = \frac{2.303}{\lambda}\log\frac{U^{238}\text{ की प्रारंभिक मात्रा}}{\text{खनिज में } U^{238}\text{ की आज की मात्रा}}$$

इसी प्रकार, कम मात्रा में उपस्थित यूरेनियम के समस्थानिक यूरेनियम $U^{235}$ के विघटन से $Pb^{207}$ प्राप्त होता है । $Th^{232}$, $Pb^{208}$ में विघटित होता है तथा इस प्रकार $Pb^{207}/U^{235}$ तथा $Pb^{208}/Th^{232}$ के अनुपातों को चट्टानों तथा खनिजों की आयु ज्ञात करने के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है ।

${}_6C^{14}$ (अर्द्ध आयुकाल 5760 वर्ष) को काष्ठ या जन्तु अवशेषों की आयु ज्ञात करने में **विलार्ड लिब्बी** (नोबेल पुरस्कार विजेता) द्वारा प्रयुक्त किया गया । रेडियोसमस्थानिक ${}_6C^{14}$ पृथ्वी के ऊपरी वातावरण में उपस्थित नाइट्रोजन परमाणुओं पर न्यूट्रॉनों (कॉस्मिक किरणों से) की बमबारी द्वारा बनता है ।

$${}_7N^{14} + {}_0n^1 \rightarrow {}_6C^{14} + {}_1H^1$$

इस प्रकार उत्पन्न ${}_6C^{14}$ परमाणु तुरन्त ही ${}^{14}CO_2$ में ऑक्सीकृत हो जाते हैं । जो प्रकाश संश्लेषण द्वारा पौधों में पहुँच जाती है । इस प्रकार सभी पौधों में कुछ ${}_6C^{14}$ होता है तथा चूँकि जन्तुओं के कार्बन की व्युत्पत्ति स्वतः ही पौधों से होती है, इसलिए जन्तुओं में कार्बन पौधों में कार्बन के अनुपात ${}_6C^{14}/{}_6C^{12}$ के समान अनुपात होता है । पौधों या जन्तुओं की मृत्यु पर वातावरण (पौधों के लिए) से तथा पौधों (जन्तुओं के लिए) से ${}_6C^{14}$ का ग्रहण बंद हो जाता है। इसके पश्चात् मृत ऊतकों में इसकी मात्रा रेडियोएक्टिवता के कारण घटनी आरम्भ हो जाती है ।

$${}_6C^{14} \rightarrow {}_7N^{14} + {}_{-1}e^0$$

यह प्रेक्षित किया जाता है कि औसतन, ${}_6C^{14}$ का 1 ग्राम लगभग 12 $\beta$-कण प्रति मिनट उत्सर्जित करता है। अब इस प्रकार ${}_6C^{14}$ समस्थानिक की अर्द्धआयु *(5760* वर्ष) तथा अनुपात ज्ञात करके या संचरण में कार्बन के साथ मृत पदार्थों की $\beta$-सक्रियता की तुलना के द्वारा, जन्तु या पादप की मृत्यु के अनुमानित समय की निम्न विघटन समीकरण के अनुसार गणना की जा सकती है ।

$$\lambda = \frac{2.303}{t}\log\frac{N_0}{N_t} \text{ या } t = \frac{2.303}{\lambda}\log\frac{N_0}{N_t}$$

जहाँ $t$ = जीवाश्म की आयु, $\lambda$ = क्षय नियतांक, $N_0$ = रेडियोएक्टिव समस्थानिक का प्रारंभिक मान, $N_t$ = रेडियोएक्टिव समस्थानिक का $t$ समय बाद मान,

$$t = \frac{2.303}{\lambda}\log\frac{\text{ताजा लकड़ी में } C^{14}/C^{12} \text{ का प्रारम्भिक अनुपात}}{\text{पुरानी लकड़ी में } C^{14}/C^{12} \text{ का अनुपात}}$$

इसी तरह $_1H^3$ का उपयोग डेटिंग के लिए करते हैं।

(2) **रेडियोएक्टिव ट्रेसर** (रेडियोसमस्थानिकों का उपयोग) : एक रेडियोएक्टिव समस्थानिक को उसकी रेडियोएक्टिवता के आधार पर आसानी से ज्ञात कर सकते हैं रेडियोएक्टिवता किसी समस्थनिक के लिए टैग या लेबल का कार्य करती है इस क्रिया के लिए जिस समस्थानिक का उपयोग किया जाता है उसे **रेडियोएक्टिव ट्रेसर** कहते हैं। रेडियोएक्टिव ट्रेसर को समस्थानिक ट्रेसर भी कहते हैं। रेडियोएक्टिव ट्रेसर को सूचक भी कहते हैं क्योंकि यह अभिक्रिया को सूचित करता है। रेडियोएक्टिव समस्थानिकों की क्रियाशीलता को इलेक्ट्रोस्कोप द्वारा निर्धारित करते हैं। ट्रेसर तकनीक का उपयोग निम्न में किया जाता है।

(i) ***कई बीमारियों की पहचान में*** : उदाहरण के लिए आर्सेनिक – 74 ट्रेसर का उपयोग ट्यूमरों का पता लगाने में करते हैं। **रक्त के थक्के का पता लगाने के लिए सोडियम – 24 ट्रेसर का उपयोग करते हैं। थॉयराइड ग्रंथि की क्रियाशीलता का पता लगाने के लिए आयोडीन –131 का उपयोग किया जाता है।** यह बात ध्यान देने योग्य है कि जिन रेडियोएक्टिव समस्थानिकों का उपयोग दवाइयों के रूप में करते हैं उनका अर्द्ध–आयुकाल बहुत कम होता है।

(ii) ***खेती में***: रेडियोएक्टिव फॉस्फोरस $^{32}P$ को उर्वरक में मिलाकर उपयोग करने से यह ज्ञात होता है कि किस तरह फॉस्फोरस पौधों द्वारा अवशोषित होता है। इस अध्ययन से हम उन्नत किस्म का उर्वरक तैयार कर सकते हैं $^{14}C$ का उपयोग प्रकाश संश्लेषण अभिक्रिया की गति का अध्ययन करने में करते हैं।

(iii) ***उद्योगों में***: रेडियोसमस्थानिकों का उपयोग उद्योगों में यह पता लगाने के लिए करते हैं कि कहीं पाइपलाइन, पानी की लाइन आदि लीक तो नहीं हो रही है। रेडियोएक्टिव कार्बन का उपयोग बहुत सी अभिक्रियाओं जैसे एल्काइलीकरण, बहुलीकरण, उत्प्रेरित संश्लेषण आदि के अध्ययन में करते हैं।

(iv) ***विश्लेषण अध्ययन में*** : कई विश्लेषणात्मक विधियों में रेडियोसमस्थानिक ट्रेसरों का उपयोग करते हैं।

(a) रेडियोएक्टिव समस्थानिक की कम मात्रा को निष्क्रिय पदार्थ के सथ मिलाकर अधिशोषण होने के बाद उसकी सक्रियता का अध्ययन करते हैं। सक्रियता में गिरावट अवशोषित पदार्थ की मात्रा को बताता है

(b) लैड सल्फेट की विलेयता ज्ञात करने के लिए रेडियोएक्टिव लैड ($Pb^{212}$) को किसी विलेय लवण की निश्चित मात्रा में लेकर सामान्य लैड के विलेय लवण की निश्चित मात्रा के साथ मिलाया जाता है।

(c) आयन–विनिमय विधि का उपयोग एक निश्चित प्रभाज के निर्धारण में किया जाता है।

(d) एस्टर के जल अपघटन की क्रियाविधि का उपयोग रेडियोएक्टिव ऑक्सीजन के द्वारा किया जाता है।

(e) विश्लेषित उत्पादक की दक्षता को निर्धारित करने के लिए रेडयोएक्टिव समस्थानिक की ज्ञात मात्रा मिश्रित की जाती है। सक्रियता के पूर्ण होने पर दक्षता निर्धारित की जाती है।

(3) **$\gamma$-किरणों का उपयोग** : $\gamma$-किरणों का उपयोग प्याज व आलू, फल, मछली आदि भोज्य पदार्थो के संरक्षण में करते हैं। जिससे गेंहूँ की उच्चतम उत्पादन वाली रोग प्रतिरोधक किस्म उत्पन्न होती है। $Co^{60}$ के द्वारा उत्पन्न $\gamma$-किरणों का उपयोग कैंसर के इलाज में किया जाता है। $\gamma$-किरणों का उपयोग चिकित्सा उपकरणों को कीटाणुरहित करने में भी करते हैं। इन विकिरणों का उपयोग उष्मा प्रतिरोधी प्लास्टिक व रबर सामग्री बनाने में भी करते हैं।

## विकिरणों के दुष्प्रभाव (Hazards of radiations)

नाभिकीय उर्जा प्राप्त करने के पश्चात् बचे अनुपयोगी पदार्थों के निस्तारण की एक अहम् समस्या है क्योंकि ऐसे पदार्थों से लगातार उत्सर्जित विकिरण वायुमण्डल को दूषित करते रहते हैं।

26 अप्रैल 1986 में USSR के यूक्रेनियम प्रान्त के चेनोबिल नामक स्थान पर नाभिकीय रियेक्टर में भयंकर दुघर्टना हुई थी जिससे फैली रेडियोधर्मिता का दुष्प्रभाव वहाँ आज भी विद्यमान है। जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहर पर द्वितीय विश्व युद्ध में गिराये गये बमों से फैली रेडियोधर्मिता से वहाँ का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया था इस दुष्प्रभाव के परिणाम वहाँ पर आज भी विद्यमान हैं। अतः रेडियोधर्मी पदार्थो का प्रयोग बहुत सावधानी पूर्वक किया जाना चाहिए। विकिरणों के द्वारा क्षतिग्रस्त होने वाले तन्त्रों को निम्न प्रकार से विभाजित कर सकते हैं।

(1) **कायक अथवा रोग जनित क्षति** : यह प्रभाव व्यक्ति के शरीर पर जीवन पर्यन्त रहते हैं। इन प्रभावों के फलस्वरूप नागरिकों का शरीर स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हो जाता है। तीव्र विकिरण से जन्तुओं की तुरन्त मृत्यु हो सकती है जबकि विकिरण की कम मात्रा विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ उत्पन्न करती हैं जैसे, लकवा, कैंसर, रक्त केंसर, जलन थकावट, डायरिया, आंत्रशोध इत्यादि। इनमें से कुछ बीमारियाँ जीवन के लिये घातक होती हैं

(2) **आनुवांशिकी क्षति** : इसके अन्तर्गत् विकिरणों के उन प्रभावों का अध्ययन करते हैं जो आनुवांशिकी को प्रभावित करते हैं। यह प्रभाव तब उत्पन्न होते हैं जब विकरण जीन्स तथा क्रोमोसोम्स को क्षतिग्रस्त कर देते हैं, जिससे उनका DNA व RNA (आनुवांशिक द्रव्य) प्रभावित होता है। कायक प्रभावों की तुलना में आनुवांशिकी प्रभावों का अध्ययन करना अधिक जटिल होता है क्योंकि यह प्रभाव कई पीढ़ियों तक प्रकट होता है।

## Tips & Tricks

- मेसॉन, पोजिट्रॉन, न्यूट्रीनो जैसे लगभग 20 कण नाभिक में प्रतिबल द्वारा निर्मित होते हैं किन्तु नाभिक के कण की तरह अस्तित्व में नहीं होते हैं।
- रेडियोएक्टिवता की उच्च कोटि रेडियम द्वारा प्रदर्शित की जाती है।
- नाभिकीय बल, व्यत्क्रुम वर्ग नियम द्वारा संचालित नहीं होते
- लगभग 42 रेडियोएक्टिव न्यूक्लिऑइड ($Z > 82$) प्रकृति में पाये जाते हैं। इनमें से प्रत्येक लैड के समस्थानिक का स्थायी अन्तिम उत्पाद देता है।
- रेडियोएक्टिव तत्व का अर्द्धआयुकाल भौतिक अथवा रासायनिक अवस्था से स्वतन्त्र होता है।
- प्राकृतिक रेडियोएक्टिव तत्व की औसत आयु $10^{-6}s$ से $10^{10}$ वर्ष या अधिक तक बदलती है।
- यह प्रेक्षित किया गया है कि 45 *mg* हाइड्रोजन के संलयन से उत्पन्न ऊर्जा एक टन कोयले से प्राप्त ऊर्जा के समकक्ष होती है।
- बेरीलियम को सबसे अच्छे प्रवर्धक की तरह पाया गया क्योंकि यह कम स्थान घेरता है और इसमें अनुप्रस्थ परिच्छेद अवशोषण कम होता है।
- किसी रेडियोएक्टिव तत्व का कुल आयुकाल अनन्त होता है।
- 1.02 *MeV* की कुल ऊर्जा का $\gamma$ - विकरण, उत्सर्जित होता है जब एक पोजिट्रॉन एवं एक इलेक्ट्रॉन अन्तर्क्रिया कहते हैं इसे एनीलीकरण विकरण कहते हैं।

# Ordinary Thinking

## Objective Questions

### नाभिक (स्थायित्व तथा अभिक्रिया)

1. न्यूक्लिऑन होते हैं [CPMT 1982]
 (a) प्रोटॉन तथा इलेक्ट्रॉन
 (b) प्रोटॉन तथा न्यूट्रॉन
 (c) इलेक्ट्रॉन तथा न्यूट्रॉन
 (d) इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन तथा न्यूट्रॉन

2. ड्यूट्रॉन रखते हैं [NCERT 1982; CPMT 1994]
 (a) एक न्यूट्रॉन व एक पोजीट्रॉन
 (b) एक न्यूट्रॉन व एक प्रोटॉन
 (c) एक न्यूट्रॉन व दो प्रोटॉन
 (d) एक प्रोटॉन व दो न्यूटॉन

3. किसी रेडियोएक्टिव तत्व के नाभिक में होती है
 (a) कम बंधन ऊर्जा (b) उच्च बंधन ऊर्जा
 (c) शून्य बंधन ऊर्जा (d) उच्च विभव ऊर्जा

4. $_7N^{14}$ पर बमबारी करने पर ($\alpha$-कण के साथ) प्रोटॉन निकल जाने के बाद निर्मित उत्पाद के नाभिक होंगे या नाभिकीय अभिक्रिया $_7N^{14} + {_2He^4} \rightarrow {_ZX^A} + {_1H^1}$ में पद $_ZX^A$ प्रदर्शित करता है। [NCERT 1979; MP PMT 1989; MNR 1995; MP PET 1996; BHU 1996]
 (a) $_8O^{17}$ (b) $_9F^{18}$
 (c) $_9F^{17}$ (d) $_8O^{18}$

5. नाभिकीय ऊर्जा आधारित है, निम्न में से किसके परिवर्तन पर
 (a) प्रोटॉन का न्यूट्रॉन में
 (b) द्रव्यमान का ऊर्जा में
 (c) न्यूट्रॉन का प्रोटॉन में
 (d) यूरेनियम का रेडियम में

6. पोजीट्रॉन लगभग उतना ही भारी है जितना [NCERT 1975; JIPMER 1991; BHU 1995]
 (a) $\alpha$-कण (b) प्रोटॉन
 (c) न्यूट्रॉन (d) इलेक्ट्रॉन

7. समीकरण $_3Li^6 + (?) \rightarrow {_2He^4} + {_1H^3}$ में खोया हुआ कण है। [CPMT 1983, 84]
 (a) इलेक्ट्रॉन (b) न्यूट्रॉन
 (c) प्रोटॉन (d) ड्यूट्रॉन

8. ऊपरी वायुमण्डल में $_6C^{14}$ किस नाभिकीय अभिक्रिया द्वारा उत्पन्न होता है [MP PET 1993]
 (a) $_7N^{14} + {_1H^1} \longrightarrow {_6C^{14}} + {_{+1}e^0} + {_1H^1}$ के द्वारा
 (b) $_7N^{14} \longrightarrow {_6C^{14}} + {_{+1}e^0}$ के द्वारा
 (c) $_7N^{14} + {_0n^1} \longrightarrow {_6C^{14}} + {_1H^1}$ के द्वारा
 (d) $_7N^{14} + {_1H^3} + {_0n^1} \longrightarrow {_6C^{14}} + {_2He^4}$ के द्वारा

9. किसी न्यूक्लिऑइड पर जब ड्यूट्रॉन की बमबारी की जाती है तो $_{18}Ar^{38}$ तथा न्यूट्रॉन प्राप्त होते हैं, तो लक्ष्य होगा [CPMT 1982, 87]
 (a) $_{17}Cl^{35}$ (b) $_{19}K^{27}$
 (c) $_{17}Cl^{37}$ (d) $_{19}K^{39}$

10. नाभिकीय अभिक्रिया करने के लिये किसका उपयोग कर सकते हैं। [AFMC 2003]
 (a) यूरेनियम – 238 (b) नेप्चूनियम – 239
 (c) थोरियम – 232 (d) प्लूटोनियम – 239

11. $C^{12}$ और $C^{14}$ की रासायनिक सक्रियता की तुलना करने पर यह मालूम पड़ता है कि
 (a) $C^{12}$ अधिक क्रियाशील है (b) $C^{14}$ अधिक क्रियाशील है
 (c) दोनों ही अक्रिय हैं (d) दोनों की बराबर सक्रियता है

12. रेडियोधर्मी नाभिक $^{234}_{90}Th$ दो $\beta$- और एक $\alpha$- क्षय करता है तो क्षय के बाद प्राप्त हुए रेडियोधर्मी नाभिक की परमाणु संख्या और द्रव्यमान संख्या क्रमशः है [AIEEE 2003]
 (a) 92 और 234 (b) 94 और 230
 (c) 90 और 230 (d) 92 और 230

13. हाइड्रोजन तथा ड्यूटेरियम में अन्तर होता है। [CPMT 1980]
 (a) ऑक्सीजन के साथ क्रियाशीलता में
 (b) क्लोरीन के साथ क्रियाशीलता में
 (c) गलनांक में
 (d) अवकरण क्रिया में

14. एक नाभिकीय अभिक्रिया सन्तुलित होना चाहिये, निम्न के सन्दर्भ में
 (a) केवल ऊर्जा (b) केवल द्रव्यमान
 (c) द्रव्यमान एवं ऊर्जा (d) इनमे से कोई नहीं

15. दी गई अभिक्रिया में दूसरा क्रियाफल क्या है
 $_{52}Te^{130} + {_1H^2} \longrightarrow {_{53}I^{131}} + ?$ [MP PET 1991]
 (a) पोजीट्रॉन (b) $\alpha$ – कण
 (c) एक न्यूट्रॉन (d) एक प्रोटॉन

16. अभिक्रिया $_5B^8 \rightarrow {_4Be^8} + {_1e^0}$ का कारण है [MP PMT 1991]
 (a) $\alpha$-कणों का क्षय (b) $\beta$-कणों का क्षय
 (c) पोजीट्रॉन का क्षय (d) इलेक्ट्रान का क्षय

17. "पोजीट्रोनियम" एक परमाणु को नाम दिया गया, जो निम्न के बीच संयोग से बनता है। [NCERT 1980; JIPMER 1991]
 (a) एक पोजीट्रॉन व एक प्रोटोन
 (b) एक पोजीट्रॉन व एक न्यूट्रॉन
 (c) एक पोजीट्रॉन व $\alpha$-कण
 (d) एक पोजीट्रॉन व एक इलेक्ट्रॉन

18. एक वैद्युत आवेशित परमाणु या परमाणुओं का समूह कहलाता है [BHU 1979]
 (a) एक मेसान (b) एक प्रोटॉन
 (c) एक आयन (d) एक साइक्लोट्रॉन

19. निम्न में से किस पर पोजीट्रॉन के बराबर आवेश मान होगा [NCERT 1977]
 (a) प्रोटॉन (b) इलेक्ट्रॉन
 (c) $\alpha$-कण (d) न्यूट्रॉन

**20.** नाभिकीय क्रिया $_{12}Mg^{24} +_2 He^4 =_0 n^1 + ?$ मे उत्पाद नाभिक है। [BHU 1987]

(a) $_{13}Al^{27}$ (b) $_{14}Si^{27}$
(c) $_{13}Al^{28}$ (d) $_{12}Mg^{25}$

**21.** ऊपरी वायुमंडल में किस मूलभूत कण की क्रिया द्वारा $_7N^{14}$ से $_6C^{14}$ बनता है। [Orissa JEE 2002]

(a) पोजीट्रॉन (b) न्यूट्रॉन
(c) इलेक्ट्रॉन (d) प्रोटॉन

**22.** नाभिकीय अभिक्रिया

$_{92}U^{238} \rightarrow_{82} Pb^{206} + x\ _2He^4 + y\ _{-1}\beta^0$ में

$x$ और $y$ के मान क्रमशः है [Orissa JEE 2002]

(a) 8, 6 (b) 6, 4
(c) 6, 8 (d) 8, 10

**23.** यदि हाइड्रोजन के समस्थानिक के परमाणु में दो न्यूट्रॉन हो तब इसका परमाणु द्रव्यमान तथा परमाणु क्रमांक संख्या क्रमशः होगी [CBSE 1992]

(a) 2 तथा 1 (b) 3 तथा 1
(c) 1 तथा 1 (d) 1 तथा 3

**24.** निम्न में से कौनसा नाभिकीय परिवर्तन (Transformation) (*n, p*) प्रकार का है [AIIMS 1980, 83]

(a) $_3Li^7 + _1H^1 \longrightarrow _4Be^7 + _0n^1$

(b) $_{33}As^{75} + _2He^4 \longrightarrow _{35}Br^{78} + _0n^1$

(c) $_{83}Bi^{209} + _1H^2 \longrightarrow _{84}Po^{210} + _0n^1$

(d) $_{21}Sc^{45} + _0n^1 \longrightarrow _{20}Ca^{45} + _1H^1$

**25.** निम्न नाभिकीय क्रिया में $X$ है

$_7N^{14} + _1H^1 \longrightarrow _8O^{15} + X$ [AIIMS 1983; MP PET 1997]

(a) $_{+1}e^0$ (b) $_0n^1$
(c) $\gamma$ (d) $_{-1}e^0$

**26.** अभिक्रिया $_{93}Np^{239} \longrightarrow _{94}Pu^{239}$ + (?) में खोया हुआ कण है [MNR 1987]

(a) प्रोटॉन (b) पोजीट्रॉन
(c) इलेक्ट्रॉन (d) न्यूट्रॉन

**27.** नाभिकीय अभिक्रिया $_4Be +_2 He^4 \rightarrow_6 C^{12} +_0 n^1$ के अनुसार $(Be)$ परमाणु की द्रव्यमान संख्या है [AFMC 2002]

(a) 4 (b) 9
(c) 7 (d) 6

**28.** निम्न में से किस नाभिक में न्यूट्रॉन तथा प्रोटॉन दोनों की जादुई संख्या (Magic number) है [EAMCET 1989]

(a) $_{50}Sn^{115}$ (b) $_{82}Pb^{206}$
(c) $_{82}Pb^{208}$ (d) $_{50}Sn^{118}$

**29.** कार्बन चक्र में, जिससें गर्म तारा अपनी ऊर्जा प्राप्त करता है, $_6C^{14}$ नाभिक है।

(a) पूर्ण रुप से ऊर्जा में परिवर्तित
(b) चक्र के अन्त में पुनः जनित
(c) ऑक्सीजन से संयुक्त होकर कार्बन मोनोऑक्साइड बनाता है
(d) घटकों, प्रोटॉन व न्यूट्रॉन में टूटता है

**30.** लैड (सीसा) का परमाणु भार 208 तथा परमाणु क्रमांक 82 है। बिस्मथ का परमाणु भार 209 तथा परमाणु क्रमांक 83 है। परमाणु में न्यूट्रॉन/प्रोटॉन का अनुपात होगा। [EAMCET 1982]

(a) लेड का अधिक (b) बिस्मथ का अधिक
(c) समान (d) इनमें से कोई नहीं

**31.** निम्नलिखित मे से कौनसी $n, p$ अभिक्रिया है। [BHU 1995]

(a) $_5C^{13} + _1H^1 \longrightarrow _6C^{14}$

(b) $_7N^{14} + _1H^1 \longrightarrow _8O^{15}$

(c) $_{13}Al^{27} + _0n^1 \longrightarrow _{12}Mg^{27} + _1H^1$

(d) $_{92}U^{235} + _0n^1 \longrightarrow _{54}Xe^{140} + _{38}Sr^{93} + 3\ _0n^1$

**32.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है [MP PET 1997]

(a) द्रव्यमान क्षति बंधन ऊर्जा से सम्बन्धित है
(b) 'मेसान' की खोज युकावा ने की
(c) नाभिक का आकार $10^{-12} - 10^{-13}$ सेमी की कोटि का होता है
(d) चुम्बकीय क्वाण्टम संख्या इलेक्ट्रॉन के 'आर्बिटल कोणीय संवेग' की माप है

**33.** निम्न नाभिकीय अभिक्रियाओं के क्रम में $n$ का मान होगा

$_{92}X^{238} \xrightarrow{-\alpha} Y \xrightarrow{-\beta} Z \xrightarrow{-\beta} L \xrightarrow{-n\alpha} _{84}M^{218}$

[MP PMT 1999]

(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

**34.** एक परमाणु के नाभिकीय संघटन में एक न्यूट्रॉन जोड़ देने पर परिवर्तन होगा [MNR 1995]

(a) इलेक्ट्रॉनों की संख्या में
(b) परमाणु की रासायनिक प्रकृति में
(c) इसकी परमाणु संख्या में
(d) इसके परमाणु भार में

**35.** ट्राइटियम ($_1H^3$) का संघटक है

[Manipal MEE 1995; DPMT 1982,96]

(a) 1 इलेक्ट्रॉन, 1 प्रोटॉन, 1 न्यूट्रॉन
(b) 1 इलेक्ट्रॉन, 2 प्रोटॉन, 1 न्यूट्रॉन
(c) 1 इलेक्ट्रॉन, 1 प्रोटॉन, 2 न्यूट्रॉन
(d) 1 इलेक्ट्रॉन, 1 प्रोटॉन, 3 न्यूट्रॉन

